प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 20.03.2024

चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 02 अदद मोटर साइकिल, 03 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद अवैध देशी तमंचा व 01 अदद अवैध जिन्दा कारतूस बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर जनपद गोरखपुर के मार्गदर्शन में, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट के नेतृत्व में उ0नि0 शुभम श्रीवास्तव मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 116/2024 धारा 379 भादविं से संबंधित अभियुक्त 1.हर्ष जयसवाल पुत्र दिनेश जयसवाल निवासी ग्राम राघोपुर मुण्डेरा बाजार थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर व 2. विकास जयसवाल पुत्र राजकुमार जयसवाल निवासी ग्राम राघोपुर मुण्डेरा बाजार थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर को चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल, 03 अदद मोबाइल, 03 अदद मास्टर चाभी, 01 अदद अवैध देशी तमंचा .12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411,420,473 भादविं की बढ़ोत्तरी की गयी तथा अवैध देशी तमंचा की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 174/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग शहर से गाड़िया चुराते हैं । हम लोग विध्यवासिनी पार्क उत्तरी गेट से वाहन सं0 UP53CU1594 दिनांक 26/02/2024 को चुराया था तथा पैशन गाड़ी जिसका नम्बर UP53DA3760 है को सिक्टौर से चुराया था । पैशन गाड़ी को रेलवे स्टेशन के निकट छुपा कर रख दिए थे । पूछताछ कर अभियुक्तगण की निशानदेही के आधार पर एक काले कलर की पैशन मोटरसाइकिल जिसका नम्बर UP53DA3760 को स्टेशन के पास से बरामद किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व आपराधिक इतिहास -

1. हर्ष जयसवाल पुत्र दिनेश जयसवाल निवासी ग्राम राघोपुर मुण्डेरा बाजार थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर

I. मु0अ0सं0 11/2022 धारा 379,411 भा0द0वि0 थाना कैण्ट गोरखपुर

II. मु0अ0सं0 22/2022 धारा 380,411 भा0द0वि0 थाना GRP देवरिया

III. मु0अ0सं0 116/2024 धारा 379,411 भा0द0वि0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

IV. मु0अ0सं0 174/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

2. विकास जयसवाल पुत्र राजकुमार जयसवाल निवासी ग्राम राघोपुर मुण्डेरा बाजार थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर

I. मु0अ0सं0 116/2024 धारा 379,411 भा0द0वि0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

बरामदगी –

1.चोरी की 02 अदद मोटर साईकिल

2. चोरी की 03 अदद मोबाइल फोन

3. 01 अदद अवैध देशी तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस

4. 03 अदद मास्टर चाभी

<u>गिरफ्तारी की टीम-</u>

1. उ0नि0 शुभम श्रीवास्तव चौकी प्रभारी मोहद्दीपुर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

2. उ0नि अंजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी पैडलेगंज थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

3. का0 विनोद यादव थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

4. का0 राहुल शाह थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

5. का0 जोगेन्द्र थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

6. का0 अभिमन्यु तिवारी थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

7. का0 मंगलदीप थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर